**GREEN LAWNS HIGH SCHOOL**

**FINAL EXAMINATION -2024 -2025**

**SUBJECT – HINDI**

**CLASS – 7A,B,C** **MARKS – 80**

**TIME – 2 HOURS** **DATE – /2/25**

**NOTE : प्रश्न 1 से 4 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर answer sheet पर ही लिखिए और प्रश्न 5 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर question paper पर ही लिखिए**

## SECTION – A

प्र.1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध लिखिए - [10]

i)मेरा प्रिय त्योहार - रक्षाबंधन

ii) जल ही जीवन है

iii) छुट्टियों का सदुपयोग

iv) वृक्ष और हम

प्र.2) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- [7]

i)अपने क्षेत्र की सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए ।

ii) अपने छोटे भाई को परीक्षा में सफलता पाने पर बधाई पत्र लिखिए ।

प्र.3) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। [10]

बहुत पुरानी बात है दक्षिण भारत में एक राजा राज्य करता था। राजा का राज्य समुद्र के किनारे था। राजा को भोजन के साथ मछलियां खाने का बहुत शौक था। बिना मछलियों के राजा का भोजन अधूरा रहता था ।

एक बार की बात है राजा के राज्य में बहुत तेज तूफान आया जिसके कारण कोई भी मछुआरा मछली पकड़ने के लिए समुद्र में नहीं जा सका। उस दिन राजा को भोजन में मछलियां नहीं मिली जिससे राजा बहुत उदास हो गया। राजा ने जब अपने मंत्रियों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने बतलाया कि इतने तेज तूफान में समुद्र में मछली पकड़ने जाना अपनी जान पर खेलने के समान है इसलिए कोई भी मछुआरा समुद्र नहीं जा रहा है।

राजा ने घोषणा करवाई की जो भी समुद्र से ताजी मछलियां लाएगा उसे मुंह मांगा इनाम दिया जाएगा। राजा की घोषणा सुनकर मछुआरों के मन में लालच तो आया किंतु कोई भी मछुआरा अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हुआ।

उसी राज्य में एक बहुत ही गरीब मछुआरा रहता था उसे जब राजा की इस घोषणा का पता चला तो अपनी दरिद्रता दूर करने के लिए वह अपनी जान की परवाह किए बगैर समुद्र में चला गया। समुद्र में उसने जाल फैंका जिसमें कई बड़ी-बड़ी मछलियां फंस गई। मछुआरा मछलियां लेकर राजा के महल पहुंच किंतु राजा के सैनिकों ने उसे महल में नहीं घुसने दिया। राजा के एक खास मंत्री ने मछुआरे को ताजी मछलियों के साथ देखा तो मछुआरे को अपने साथ राजा के पास ले जाने के लिए तैयार हो गया । मंत्री जानता था कि राजा मछलियां देखकर बहुत अधिक प्रसन्न होगा और इसके बदले मछुआरे को बहुत सारा धन देगा इसलिए उसने मछुआरे के समक्ष एक शर्त रखी की जो भी इनाम मिलेगा उसका आधा हिस्सा मंत्री अपने पास रखेगा। मछुआरा मंत्री की बात मान गया और मंत्री मछुआरे को लेकर राजा के पास पहुंचा।

मछुआरे के पास ताजी-ताजी मछलियां देख राजा बहुत खुश हुआ। राजा ने मछुआरे को मुंह मांगा इनाम मांगने के लिए कहा। मछुआरा राजा से हाथ जोड़कर बोला- " महाराज ! मुझे बीस कोड़े मारे जाएं। मछुआरे की बात सुनकर राजा को बड़ा आश्चर्य हुआ और उसने फिर से मछुआरे से कुछ मांगने के लिए कहा किंतु मछुआरे ने फिर 20 कोड़े खाने का इनाम माँगा । राजा ने अपने सैनिकों को बुलाया और मछुआरे को 20 कोड़े मारने का आदेश दिया। सैनिकों ने मछुआरे को कोड़े मारना शुरू किया। 10 कोड़े खाने के बाद मछुआरा राजा से बोला- " महाराज ! मुझे आप जो भी इनाम देंगे उसका आधा हिस्सा मुझे मेरे हिस्सेदार को देना पड़ेगा इसलिए बाकी के दस कोड़े मेरे हिस्सेदारी को दे दिए जाएं।"

मछुआरे की बात सुनकर राजा को फिर आश्चर्य हुआ और राजा ने उसके हिस्सेदार का नाम पूछा। मछुआरा मंत्री की तरफ इशारा करते हुए बोला -" महाराज ! यही मेरे हिस्सेदार हैं। इन्होंने ही मुझे आपके पास लाने के बदले प्राप्त ईनाम का आधा हिस्सा मांगा है।"

राजा ने मंत्री की ओर देखा तो मंत्री ने शर्म से अपना सर झुका लिया। राजा ने आदेश दिया कि बाकी की दस कोड़े मछुआरे के हिस्सेदार को मारे जाएं। सैनिकों ने राजा के आदेश पर मंत्री को दस कोड़े मारे। राजा ने मंत्री को उसके लालच के कारण अपने मंत्री पद से हटकर राज्य से बाहर कर दिया और मछुआरे को बहुत सारा इनाम देकर विदा किया।

शिक्षा- राजा और लालची मंत्री की कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि लालच में आकर कभी भी किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करना चाहिए।

प्रश्न :

i)राजा कहाँ राज करता था ? किसके बिना राजा का भोजन अधूरा रहता था और क्यों ?

ii) राजा के उदास होने का क्या कारण था और उसने क्या घोषणा करवाई ?

iii) गरीब मछुवारा समुद्र में क्यों गया ? मंत्री ने उसके सामने क्या शर्त रखी ?

iv) मछुवारे ने इनाम में क्या माँगा ? राजा के आश्चर्य को उसने कैसे दूर किया ?

v) इस कहानी से आपको क्या सीख मिली ? कम से कम दो सीख लिखिए ?

**[मैथिली ]**

प्र.4) (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [15]

i)कर्णावती का पत्र पढ़कर हुमायूँ पर क्या प्रभाव पड़ा ?

ii) दादाजी ने समय प्रबंधन के विषय में क्या बताया ?

iii) स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए क्या - क्या आवश्यक है ?

iv) स्वामी विवेकानंद के जीवन से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

v) असंभव को संभव बनाने के लिए हमें क्या - क्या करना होगा ?

रामायण :

प्र.4) (ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [6]

i) मंथरा क्यों क्रोधित थी? उसने रानी कैकेयी को क्या समझाया?

ii) कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान में क्या माँगा?

iii) महाराज दशरथ दोबारा क्यों मुर्छित हो गए ?

**सूचना ; प्रश्न पत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए**

**नाम : ______________________________ कक्षा : ____________ अनुक्रमांक :_________**

प्र.5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए- [5]

i) अक्षय का स्वभाव कैसा था ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

ii) विवेकानंद रोज कहाँ जाते थे ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

Iii)गुलजार कौन और कहाँ है ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

iv) इतिहास किस बात का गवाह है ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

v) हमारा परम धर्म क्या है ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

प्र.6) शब्दार्थ लिखिए - [3]

i) अंदाज - ________________________ ii) मंजूर - ______________________

iii) जख्म - _________________________ iv) निर्जन - _____________________

v) चित्त - _________________________ vi) तह - _______________________

प्र.7) किसने - किससे कहा लिखिए - [2]

I)ये समय न मिल पाने की समस्या नहीं है ।

______________________ ने ________________________________

Ii) मेवाड़ से एक दूत आया है ।

______________________ ने ________________________________

प्र.8) निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने '/' तथा गलत के सामने 'x' का निशान लगाइए - [2]

i) निश्चित स्थान पर बैठने से एकाग्रता बढ़ती है । [ ]

ii) कर्णावती ने हुमायूँ के पास निमंत्रण पत्र भेजा । [ ]

Iii) स्वामी जी अलवर राज्य में अध्यापक के घर ठहरे थे । [ ]

Iv) नंगे पाँव आग पर चलना होगा । [ ]

प्र.9) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1) निम्नलिखित शब्दों के **दो - दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए- [3]

i) देह - ____________________, ____________________________

ii) पति - ______________________, ____________________________

iii) शिव - _______________________, ____________________________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - [3]

i) प्रशंसा x __________________

ii) मौखिक x ___________________

iii) सरस x _____________________

iv) ज्ञानी x _______________________

v) सुमति x _______________________

vi) निद्रा x _________________________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - [2]

i) विष्णु को मानने वाला - _________________________________

ii) मास में एक बार होने वाला - _________________________________

iii) ऊँचे कुल से संबंध रखने वाला - _______________________________

iv) जो आगे की बात सोचता हो - _________________________________

4) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए - [3]

i) भीगी बिल्ली बनना -

___________________________________________________________________________

ii) गागर में सागर भरना -

___________________________________________________________________________

iii) टोपी उछालना -

____________________________________________________________________________

5)निम्नलिखित वाक्यों में से कारक पहचान कर उसके भेद लिखिए - [3]

I) लेखक ने छोटे जादूगर को पैसे दिए ।

______________________________, _________________________________

Ii) पिताजी कार द्वारा दिल्ली जाएंगे ।

_______________________________, ________________________________

Iii) भेड़िये ने बकरी को घायल किया ।

________________________________, ________________________________

6)निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचानकर उसके भेद लिखिए- [2]

i) फलवाले ने दस किलो आम बेच डाले ।

____________________________, ____________________________________

ii) महिमा ने सुगंधित अगरबत्ती खरीदी ।

________________________________, ___________________________________

7) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए - [3]

I) पिता जी अखबार पढ़ रहा है ।

_____________________________________________________________________________________

Ii) इन सबों को सजा मिलनी चाहिए ।

_______________________________________________________________________________________

Iii) मुझसे बेफिजूल की बातें मत करो ।

_____________________________________________________________________________________